भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 292 का उत्तर

उत्तर प्रदेश में सवारी डिब्बा कारखाना की स्थापना

292. श्री अरुण कुमार सागर:
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में सवारी डिब्बा कारखाना, लोको फैक्ट्री या डीजल मल्टीपल यूनिट फैक्ट्री की स्थापना के लिए कोई कदम उठाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेल सवारी डिब्बे/रेलइंजन या डीजल मल्टीपल यूनिट कारखानों की स्थापना रेलवे की चल स्टॉक की समग्र आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए की जाती है। इस समय, मौजूदा उत्पादन इकाइयां और पहले से नियोजित इकाइयां निकट भविष्य में रेलवे की उपर्युक्त चल स्टॉक की समग्र आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं।

*****

s.k